an>

Title: Need to ensure regular and adequate water supply in Jaisamand lake in Udaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा **(उदयपुर):** "जयसमंद झील" मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर (राजस्थान) में सलुम्बर विधान सभा क्षेत्र में स्थित है। यह झील 1762 में महाराणा जय सिंह ने बनवाई थी। यह अब उदयपुर शहर के लोगों के लिए "जीवन रेखा" सिद्ध हो रही है। उदयपुर वासियों को शुद्ध पेयजल इस झील से मिलता है। यह झील हमेशा भरी रहे, इसके लिए माही बांध, बासवाड़ा का पानी पुंगलिया डेम से जयसमन्द में डाला जा सकता है जिससे किसानों को सिंचाई एवं जनता को पीने का पानी हमेशा मिले।